दैनिक जागरण 05/03/2024

काव्य प्रतियोगिता में जीएमएन कालेज की छात्रा आक्षी अव्वल



छात्रा आक्षी को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त • विज्ञप्ति

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आक्षी ने कालेज और विभाग को राज्य स्तरीय काव्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। हिंदी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता ने बताया कि आर्य कन्या महाविद्यालय शाहबाद मारकंडा में आयोजित प्रतियोगिता में जीएमएन कालेज की छात्रा ने प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता छात्रा का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।